भविष्य में एमएसएमई होंगे डिजिटल: बोस

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

रायपुर आईआईएम रायपुर में "एमएसएमई के लिए डिजिटलीकरण का मार्गदर्शनः वर्तमान और भविष्य" पर लेक्चर प्रोग्राम रखा गया। इसमें टाटा टेलीसर्विसेज के एमएसएमई संचालन प्रमुख जॉयजीत बोस ने अपनी बात रखी। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के विकास और उनके भविष्य को आकार देने वाले डिजिटलीकरण मॉडल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के लिए डिजिटल रूप से सक्षम बनने की आवश्यकता है, जिससे मूल्य श्रृंखला में ग्राहक अनुभव को बढ़ावा मिल सके। डिजिटल टेक्निक अपनाने को बढ़ावा देने में रणनीतिक साझेदारी भी महत्वपूर्ण होती है। इस पर एमएसएमई को जोर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में एमएसएमई न केवल पूरी तरह से डिजिटलीकरण होंगे, बल्कि प्रतिस्पर्धी और लचीला बने रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाएंगे। खुद को आगे बढ़ाने के लिए एमएसएमई को लगातार नवाचार करते रहना चाहिए। इस दौरान ईएमबीए के अध्यक्ष प्रो. धनंजय बापट, प्रो. अर्चना पराशर व अन्य मौजूद थे।

Dainik Bhasker, 28th May 2024,p. 1(City Bhasker)